# इतिहास (027)

## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

## कक्षा XII (2025-26)

**समय: 3 घंटे** **पूर्णांक: 80**

**सामान्य निर्देश:**

1. प्रश्न पत्र में पाँच खंड हैं – क, ख, ग, घ और ङ प्रश्न पत्र में 34 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. खंड क - प्रश्न 1 से 21 तक 1 अंक वाले बहुविकल्पीय प्रश्न है।
3. खंड ख - प्रश्न संख्या 22 से 27 तक 3 अंक वाले लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60-80 शब्दों में दें ।
4. खंड ग -प्रश्न संख्या 28 से 30 तक 8 अंक वाले दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है।प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300-350 शब्दों में दें।
5. खंड घ - प्रश्न संख्या 31 से 33 तक 4 अंक वाले स्रोत आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में तीन उप-भाग हैं ।
6. खंड- ङ - प्रश्न संख्या 34 मानचित्र आधारित है जो 5 अंको का है, जिसमें महत्वपूर्ण परीक्षण मदों को पहचानना और स्थान अंकित करना शामिल है। मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ नत्थी कीजिए ।
7. प्रश्न पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। हालाँकि,कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प का उत्तर दीजिए।
8. इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

### खंड क

### बहुविकल्पीय प्रश्न- 1x21=21

1. निम्नलिखित में से हड़प्पा सभ्यता का कौन सा स्थान यज्ञवेदियों से जुड़ा हुआ है? 1

   क) हड़प्पा
   ख) लोथल
   ग) मोहनजोदड़ो
   घ) राखीगढ़ी

2. पुरातत्वविद जले हुए अनाज और बीजों की खोज से आहार संबंधी आदतों का पुनर्निर्माण करने में सक्षम रहे हैं। इनका अध्ययन __________ द्वारा किया जाता है। 1

   क) कृषिविज्ञानी
   ख) जीवाश्म विज्ञानी
   ग) पुरातत्व-वनस्पतिज्ञ
   घ) मानवविज्ञानी

3. निम्नलिखित में से कौन सा कथन महाजनपदों के बारे में सही **नहीं** है? 1

   क) अधिकांश महाजनपदों पर राजाओं का शासन था।
   ख) कुछ जिन्हें गण या संघ के नाम से जाना जाता था, जिस पर कई लोगों का समूह शासन करता था।
   ग) प्रत्येक महाजनपद की एक राजधानी होती थी, जिसे अक्सर किलेबंद किया जाता था।
   घ) छठी और चौथी शताब्दी ईसा पूर्व के बीच, पंचाल सबसे शक्तिशाली महाजनपद बन गया।



**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी|**

4. निम्नलिखित का मिलान करें और सही विकल्प चुनें 1

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| 1. अंतर्विवाह | क) यह प्रथा एक महिला के अनेक पति होने की पद्धति है। |
| 2. बहिर्विवाह | ख) यह एक समूह के भीतर विवाह को संदर्भित करता है - यह एक गोत्र, कुल,जाति या एक ही स्थान पर रहने वाला समूह हो सकता है। |
| 3. बहुपत्नी प्रथा | ग) यह समूह के बाहर विवाह को संदर्भित करता है। |
| 4. बहुपति प्रथा | घ) यह एक पुरुष के कई पत्नियाँ रखने की प्रथा है। |

क) 1–ख, 2- ग, 3 -घ, 4- क

ख) 1 - क, 2- घ, 3 -ग, 4- ख

ग) 1 - ग, 2- ख, 3 -घ, 4- क

घ) 1 - घ, 2- क, 3 -ख, 4- ग

5. निम्नलिखित में से किसने ये कहा कि माता-पिता की मृत्यु के बाद पैतृक जायदाद बेटों के बीच समान रूप से विभाजित की जानी चाहिए, जिसमें ज्येष्ठ पुत्र विशेष भाग का अधिकारी था? 1

क) विष्णुस्मृति
ख) व्यासस्मृति
ग) लिखितस्मृति
घ) मनुस्मृति

6. निम्नलिखित विकल्पों में से दिये गए चित्र को पहचानें। 1



*Source –NCERT*

क) महाभारत के एक दृश्य को दर्शाती एक पक्की मिट्टी की मूर्ति
ख) अमरावती से प्राप्त बुद्ध को महल छोड़ते हुए दर्शाती एक मूर्ति
ग) एक सरदार और उसके अनुयायी-पत्थर की मूर्ति
घ) कुषाण राजा की बलुआ पत्थर की मूर्ति



**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी|**

**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए प्रश्न संख्या 6 के स्थान पर हैं।**

______________ में विभिन्न देवताओं, विशेषकर अग्नि, इंद्र और सोम की स्तुति शामिल हैं।

क) ऋग्वेद
ख) यजुर्वेद
ग) सामवेद
घ) अथर्ववेद

7. किस बौद्ध ग्रंथ के अनुसार अशोक ने बुद्ध के अवशेषों के कुछ हिस्सों को हर महत्वपूर्ण शहर में वितरित किया और उन पर स्तूपों के निर्माण का आदेश दिया? 1

क) अशोकावदान
ख) विनय पिटक
ग) सुत्त पिटक
घ) दीपवंश

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। फ़्राँस्वा बर्नियर के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है? 1

1. एक फ्रांसीसी, एक डॉक्टर, राजनीतिक दार्शनिक और इतिहासकार।
2. वह राजकुमार दारा शिकोह के चिकित्सक के रूप में मुगल दरबार से निकटता से जुड़े थे।
3. वह 1656 से 1670 तक 14 वर्षों तक भारत में रहे।
4. वह मुगल दरबार में आर्मीनियाई अमीर दानिशमंद खान के साथ एक बुद्धिजीवी और वैज्ञानिक के रूप में भी जुड़े थे।

क) 1, 2, 3, 4
ख) 1, 2, 3
ग) 1, 2, 4
घ) 2, 3, 4

9. ये वृक्ष स्वरूप से सबसे अनोखे तथा प्रकृति में सबसे विस्मयकारी वृक्षों में से एक है । ये हू-बहू खजूर के वृक्षों जैसे दिखते हैं, इनमें कोई अंतर नहीं है, सिवाय एक अपवाद के – एक से काष्ठफल प्राप्त होता है और दूसरे से खजूर । निम्नलिखित में से किस यात्री ने यह विवरण दिया? 1

क) इब्न बतूता
ख) अल-बिरूनी
ग) दुआर्ते बरबोसा
घ) मेगस्थनीज

10. नीचे दिए गए कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

**कथन (A):** लिंगायत धर्मशास्त्रों में बताए गए श्राद्ध संस्कार का पालन नहीं करते थे।

**कारण (R):** लिंगायत मानते हैं कि मृत्यु के बाद भक्त शिव में लीन हो जाएंगे और इस संसार में पुनः नहीं लौटेंगे ।



**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी|**

**विकल्प:**

क) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

ख) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

ग) (A) सही है लेकिन (R) सही नहीं है।

घ) (R) सही है लेकिन (A) सही नहीं है ।

11. निम्नलिखित में से कौन सा विजयनगर साम्राज्य पर शासन करने वाला पहला राजवंश था? 1

क) सुलुव राजवंश
ख) अरविदु राजवंश
ग) तुलुव राजवंश
घ) संगम राजवंश

12. निम्नलिखित में से, अमर-नायक प्रणाली के संबंध में कौन सा कथन सही है? 1

क) अमर-नायक बीजापुर के थे।
ख) माना जाता है कि अमर शब्द हिंदी शब्द समर से लिया गया है।
ग) अमर-नायक स्वतंत्र थे और कभी भी राजा को कर नहीं भेजते थे।
घ) अमर-नायक सैन्य कमांडर थे जिन्हें राय द्वारा शासन करने के लिए क्षेत्र दिए गए थे।

13. सही विकल्प चुनें: यह पुस्तक साम्राज्य के वित्तीय पहलू से संबंधित है और राजस्व दरों के आंकड़ो की विस्तृत जानकारी प्रदान करती है। 1

क) मंज़िल-आबादी
ख) सिपह-आबादी
ग) मुल्क-आबादी
घ) आम-आबादी

14. निम्नलिखित में से अकबर के अधीन भूमि के वर्गीकरण के मानदंडों के बारे में कौन सा कथन सही है/हैं सही विकल्प चुनें ? 1

1. पोलज वह भूमि है जिस पर हर साल लगातार हर फसल के लिए खेती की जाती है और उसे कभी भी खाली नहीं रहने दिया जाता।
2. परौती वह भूमि है जिस पर कुछ दिनों के लिए खेती रोक दी जाती है ताकि वह अपनी खोयी ताकत वापस पा सके।
3. चचर वह भूमि है जो तीन या चार साल तक खाली पड़ी रहती है।
4. बंजर भूमि को जिन्स-ए-कामिल भी कहा जाता था।

क) 1, 2, 3, 4

ख) 1, 2, 3

ग) 1, 2, 4

घ) 2, 3, 4



**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी|**

15. 1793 में ‘स्थायी बंदोबस्त’ लागू होने के बाद, ज़मींदारों ने भुगतान में चूक के पीछे निम्नलिखित में से कौन से कारण था? 1

1. शुरुआती माँगें बहुत ज़्यादा थीं।
2. यह उच्च माँग 1790 के दशक में लगाई गई थी, एक ऐसा समय जब कृषि उपज की कीमतें कम थीं, जिससे रैयत के लिए ज़मींदार को अपना बकाया चुकाना मुश्किल हो गया था।
3. फ़सल चाहे जो भी हो, राजस्व अपरिवर्तित था और इसे समय पर चुकाना पड़ता था।
4. स्थायी बंदोबस्त ने शुरू में जमींदार की रैयत से लगान वसूलने और अपनी जमींदारी का प्रबंधन करने की शक्ति को सीमित कर दिया।

क) 1, 2, 3

ख) 1, 2, 4

ग) 2, 3, 4

घ) 1, 2, 3, 4

16. हालांकि धनी किसान और ग्राम प्रधान बंगाल के अन्य भागों में भी ग्रामीण इलाकों में प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में उभर रहे थे, __________ उत्तर बंगाल में सबसे शक्तिशाली थे । 1

क) ज़मींदार
ख) जोतदार
ग) तालुकदार
घ) रैयत

17. नीचे दिए गए विकल्पों मे से , निम्नलिखित घटनाओं का सही कालानुक्रमिक क्रम चुनें: 1

1. सिपाही सुबह-सुबह लाल किले के फाटक पर पहुँचे।
2. उन्होंने सबसे पहले शस्त्रागार पर कब्ज़ा किया और खजाने को लूट लिया।
3. 10 मई 1857 की दोपहर बाद, मेरठ की छावनी में सिपाहियों ने विद्रोह कर दिया।
4. अवध को औपचारिक रूप से ब्रिटिश साम्राज्य में मिला लिया गया।

विकल्प-

क) 1, 2, 3, 4

ख) 2, 1, 3, 4

ग) 3, 2, 1, 4

घ) 4, 3, 2, 1

18. उस इतिहासकार का नाम बताइए जिसने टिप्पणी की थी कि दक्षिण अफ्रीका महात्मा का निर्माण था। 1

क) सुमित सरकार
ख) शेखर बंद्योपाध्याय
ग) चंद्रन देवनेसन
घ) डेविड हार्डीमान

19. सूची I के साथ सूची II का मिलान करें और सही विकल्प चुनें। 1

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (i) महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से वापस लौटे | (अ) 1917 |
| (ii) चंपारन आंदोलन | (आ) 1918 |
| (iii) खेड़ा (गुजरात) में किसान आंदोलन, और अहमदाबाद में मजदूर आंदोलन | (इ) 1919 |
| (iv) रौलट सत्याग्रह | (ई) 1915 |

**विकल्प -**

क) i – आ, ii – इ, iii –अ, iv – ई

ख) i – इ, ii – अ, iii – आ, iv – ई

ग) i – इ, ii – ई, iii – आ, iv – अ

घ) i – ई, ii – अ, iii – आ, iv – इ

20. निम्नलिखित में से किसने यह प्रस्तावित किया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज 'केसरिया, सफेद और गहरे हरे रंग की तीन बराबर चोड़ाई वाली पट्टियों का तिरंगा झंडा होगा, जिसके बीच में गहरे नीले रंग का एक चक्र होगा' ? 1

क) जे. बी. कृपलानी

ख) राजेंद्र प्रसाद

ग) पंडित जवाहरलाल नेहरू

घ) सरदार वल्लभभाई पटेल

21. निम्नलिखित समूहों में से किसने शुरू में संविधान सभा में शामिल होने से इनकार कर दिया था, क्योंकि उनका मानना था कि यह अंग्रेजों द्वारा बनायी गयी संस्था है। सही विकल्प चुनें: 1

क) समाजवादी

ख) आदिवासी

ग) पिछड़ी जातियां

घ) एंग्लो-इंडियन

**खंड ख** **3x6=18**

**लघु-उत्तरीय प्रश्न**

22 A. "पुरातात्विक विवरण सत्ता के केंद्र के अस्तित्व के विषय में कोई त्वरित उत्तर नहीं देते हैं" । हड़प्पा के संदर्भ में इस कथन को सिद्ध करने के लिए उपयुक्त उदाहरण दीजिए। 3

**अथवा**



कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी|

22 B. सिद्ध कीजिए कि हड़प्पावासियों की पहुंच विश्व के विभिन्न भागों तक थी।

23. 20वीं सदी में महाभारत के संकलन के विभिन्न चरणों का वर्णन करें। किन्हीं तीन बिंदुओं पर चर्चा करें। 3

24. उन अवरोधों को स्पष्ट करें जिनके कारण अल बिरूनी को समझने में बाधा महसूस हुई। 3

25. सत्रहवीं शताब्दी में उत्तर भारत के एक औसत किसान की स्थिति क्या थी? 3

26. बंगाल में 18वीं शताब्दी के आरंभ में अंग्रेजों द्वारा पहाड़ियों के प्रति अपनाई गई नीतियों की चर्चा करें। 3

27 A. "अफवाहों और भविष्यवाणियों ने 1857 के विद्रोह के दौरान लोगों को उठ खड़ा होने के लिए प्रेरित करने में भूमिका निभाई।" इस कथन की अफ़वाहों और इसके विश्वासों के कारणों के साथ जाँच करें। 3

**अथवा**

27 B. अवध में पीड़ाओं की एक श्रृंखला ने राजकुमार, तालुकदारों , किसानों और सिपाहियों को अंग्रेजों के खिलाफ 1857 के विद्रोह में हाथ मिलाने के लिए जोड़ा। तीन कारण देकर कथन की जाँच करें।

## खंड ग

## दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न-3x8=24

28 A. मौर्य प्रशासन की विशेषताएँ बताइए। 8

**अथवा**

28 B. आधुनिक इतिहासकार मगध शक्ति के विकास और उत्थान की व्याख्या कैसे करते हैं? संक्षेप में समझाएँ।

29 A. "कृष्णदेव राय का शासन विस्तार और सुदृढ़ीकरण की विशेषता वाला था।" उपयुक्त उदाहरणों के साथ इस कथन की पुष्टि कीजिए। 8

**अथवा**

29 B. "पंद्रहवीं शताब्दी में फ़ारस के शासक द्वारा कालीकट (कोज़ीकोड) में भेजा गया दूत अब्दुर रज्जाक किलेबंदी से बहुत प्रभावित हुआ था, और उसने दुर्गो की सात पंक्तियों का उल्लेख किया था।" उपयुक्त कथन की उदाहरणों के साथ पुष्टि करें।

30 A. इस बात पर चर्चा करें कि निजी पत्र और आत्मकथाएँ हमें किसी व्यक्ति के बारे में बहुत सारी जानकारी देती हैं? ये स्रोत सरकारी ब्योरों से किस तरह भिन्न हैं? 8

**अथवा**

30 B. कई विद्वानों ने कहा है कि स्वतंत्रता के बाद के महीने गांधीजी के लिए 'श्रेष्ठतम क्षण' थे। इस बात पर विस्तार से चर्चा करें।

## खंड घ

## स्रोत आधारित प्रश्न-3x4=12

31. **दिए गए गद्यांश को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें** 1+1+2 =4

हम बुद्ध की शिक्षाओं के बारे में कैसे जानते हैं? इनकी पुनरावृत्ति का आधार था बौद्ध ग्रंथों का बहुत परिश्रम से संकलन, अनुकरण और विश्लेषण किया जाना। इतिहासकारों ने उनके जीवन के बारे में चरित लेखन से जानकारी इकठ्ठी की। इनमें से कई ग्रंथ बुद्ध के जीवन काल से लगभग सौ वर्षों के बाद लिखे गए। इनमें इस महान धर्मोपदेशक की याद को बनाए रखने की कोशिश की गई थी।

स्रोत:अध्याय 4, भारतीय इतिहास के कुछ विषय–I,एनसीईआरटी

31.1. आप 'संतचरित्र ' शब्द से क्या समझते हैं?

31.2. बुद्ध की कोई एक शिक्षा/दर्शन लिखें।

31.3. कला इतिहासकारों को क्यों संतचरित्र से परिचित होने की आवश्यकता थी?

32. **दिए गए गद्यांश को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें** 2+1+1 =4

अधिकांशतः देवी की आराधना पूजा को तान्त्रिक नाम से जाना जाता है। तान्त्रिक पूजा प्राचीन उपमहाद्वीप के कई भागों में प्रचलित थी-इसके अंतर्गत स्त्री और पुरुष दोनों ही शामिल हो सकते थे। इसके अतिरिक्त कर्मकांड संबंधी में व्रत और व्रण के तौर पर भी इसका उल्लेख किया जाता था। इस पूजा के विचारों ने शैव और बौद्ध दर्शन को भी प्रभावित किया। खासतौर से उपमहाद्वीप के पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी भागों में।

*स्रोत- अध्याय 2 ,भारतीय इतिहास के कुछ विषय–II, एनसीईआरटी*

32.1. क्या तांत्रिक परंपरा वैदिक परंपरा से अलग है?

32.2. "तांत्रिक प्रथाओं ने कुछ हद तक समतावादी समाज की धारणा को जन्म दिया।" क्या आप सहमत हैं?

32.3. तांत्रिक विचारों ने किसे प्रभावित किया?

33. **दिए गए गद्यांश को पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें** 1+2+1 =4

पृथक निर्वाचिकाओं की मांग का जवाब देते हुए गोविन्द वल्लभ पंत ने ऐलान किया कि यह प्रस्ताव न केवल राष्ट्र के लिए बल्कि अल्पसंख्यकों के लिए भी आत्मघाती है। वह बहादुर के इस विचार से सहमत थे कि किसी लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसमें राष्ट्र के विभिन्न वर्गों में कितना आत्मविश्वास उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि एक मुक्त देश में प्रत्येक नागरिक के साथ इस तरह से आचरण किया जाए कि "न केवल उसकी भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो बल्कि उसकी आत्मा को भी सम्मान और संतोष प्राप्त हो।" पंत ने कहा कि बहुसंख्यक समुदाय का यह दायित्व है कि वह अल्पसंख्यकों की समस्याओं को समझे, उनकी आकांक्षाओं के स्वरूप को पहचाने और उनसे सहानुभूति रखे। इसके बावजूद पंत ने पृथक निर्वाचिकाओं का विरोध किया और कहा कि यह आत्मघाती मांग है, जो इन्हें अलग-थलग कर देगी, इन्हें असुरक्षित बना देगी और शासन में इन्हें प्रभावी हिस्सेदारी नहीं मिल पाएगी।

*स्रोत-भारतीय इतिहास के कुछ विषय–III), कक्षा 12 के लिए, अध्याय 4 से, पेज नंबर 329*

33.1. राष्ट्रीय नेता पृथक निर्वाचन क्षेत्रों की मांग का विरोध क्यों कर रहे थे?

33.2. कल्पना कीजिए कि आप संविधान सभा के सदस्य थे। क्या आप पृथक निर्वाचिका के विचार का समर्थन करते? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।

33.3. बी. पोकर बहादुर द्वारा दिया गया तर्क क्या था जिससे गोविंद बल्लभ पंत सहमत थे?

**खंड ङ**

**मानचित्र आधारित प्रश्न-1x5=5**

34.1. दिए गए भारत के राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेत और चिह्नों से अंकित कीजिये और उनके नाम लिखिए:

I. अमरावती - एक स्तूप 1

II. मगध महाजनपद 1

III. राखीगढ़ी- हड़प्पा स्थल 1

**अथवा**

लोथल-हड़प्पा स्थल

34.2. भारत के इसी राजनीतिक रेखा मानचित्र पर, 1857 के विद्रोह के केंद्रों को दो स्थानों को 'A' और 'B' के रूप में अंकित किया गया है। उन्हें पहचानें और उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखें। 2

**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर हैं।**

34.1 धर्म के इतिहासकार अक्सर भक्ति परंपराओं को किन दो श्रेणियों में वर्गीकृत करते हैं? 1

34.2. (क) विद्वानों ने मोहनजोदड़ो में कितने कुओं का अनुमान लगाया है? 1


**या**

(ख) बृहदीश्वर मंदिर कहाँ स्थित है? 2

34.3 राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केंद्रों का उल्लेख करें।



कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी|


A
B
Published by Survey of India